बिहार सरकार

**निर्वाचन विभाग**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

## प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 13 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 13.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत चौथे चरण में पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0, बेगूसराय एवं मुंगेर) में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हुआ।

ज्ञातव्य है कि आज दिनांक 13.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत सातवें चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम–अ0जा0, काराकाट तथा जहानाबाद) में चुनाव हेतु नामनिर्देशन का पाँचवां दिन था। विदित हो कि अगिऑव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के सातवें चरण के साथ ही निर्धारित है। अतएव वहाँ भी नामनिर्देशन का पाँचवां दिन था। उक्त दोनों परिप्रेक्ष्यों में नामनिर्देशन की वस्तुस्थिति निम्नवत् है:–

| लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम | क्र0 | अभ्यर्थी का नाम | दल सम्बद्धता | अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| नालंदा | 01 | कुमार हरि चरण सिंह यादव | भारतीय मोमिन फ्रंट | 27 |
| | 02 | संजय राजेश | कर्पूरी जनता दल | |
| | 03 | पूजा देवी | निर्दलीय | |
| | 04 | नंदकिशोर प्रसाद | प्रगतिशील मगही समाज | |
| | 05 | राजकुमार | राष्ट्रवादी जन कांग्रेस | |
| | 06 | सुरेंद्र प्रसाद | अल हिंद पार्टी | |
| | 07 | सुधीर दास | निर्दलीय | |
| | 08 | रमेश कुमार | नकी भारतीय एकता पार्टी | |
| | 09 | घनश्याम प्रसाद सिंह | भोजपुरिया जन मोर्चा | |
| | 10 | संयुक्ता कुमारी | शोषित समाज दल | |
| | 11 | संतोष कुमार | निर्दलीय | |
| | 12 | शशि रंजन सुमन | निर्दलीय | |
| | 13 | कन्हैया लाल यादव | जागरूक जनता पार्टी | |
| | 14 | मुन्ना कुमार | संख्यानुपाती भागीदारी पार्टी | |
| पटना साहिब | 01 | मुहम्मद शाहिद आलम | जनतंत्र आवाज पार्टी | 18 |
| | 02 | अनुज कुमार सिंह | निर्दलीय | |
| | 03 | कामनी कुमारी | भारतीय बैकवर्ड पार्टी | |
| | 04 | संजय कुमार | निर्दलीय | |
| | 05 | दीपक कुमार | निर्दलीय | |
| पाटलिपुत्र | 01 | मीसा भारती | राष्ट्रीय जनता दल | 20 |
| | 02 | नागेश्वर प्रसाद | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (डेमोक्रेटिक) | |
| | 03 | जवाहर सिंह | भारतीय मानवता पार्टी | |
| | 04 | खुशबू कुमारी | अखिल भारतीय परिवार पार्टी | |
| | 05 | नितेश कुमार | आदर्श जनकल्याण दल | |
| | 06 | शिव कुमार सिंह | अपना किसान पार्टी | |
| | 07 | दुर्गेश नंदन सिंह | निर्दलीय | |
| | 08 | रंजन कुमार | निर्दलीय | |
| | 09 | मृत्युंजय कुमार | भागीदारी पार्टी (P) | |
| | 10 | हरिकेश्वर राम | बहुजन समाज पार्टी | |
| | 11 | माधुरी कुमारी | अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लाक | |
| | 12 | शम्भु प्रसाद शर्मा | हिन्दुस्तान विकास दल | |
| | 13 | विन्दु देवी | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | |
| आरा | 01 | धर्मेन्द्र कुमार | निर्दलीय | 17 |
| | 02 | गोपाल सिंह | निर्दलीय | |
| | 03 | लाल बादशाह सिंह | बहुजन समाज पार्टी | |
| | 04 | चन्द्रपोला सिंह | निर्दलीय | |
| | 05 | राम असरे सिंह | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | |
| | 06 | रामजी सिंह | वाटर्स पार्टी इंटरनेशनल | |
| बक्सर | 01 | राजू सिंह | बहुजन मुक्ति पार्टी | 15 |
| | 02 | रजनीश कुमार तिवारी | समता पार्टी | |
| | 03 | धीरेन्द्र कुमार सिंह | निर्दलीय | |
| | 04 | भीम कमकर | निर्दलीय | |
| | 05 | निर्भय यादव | निर्दलीय | |
| सासाराम–अ0जा0 | 01 | पूनम देवी | जनतंत्र आवाज पार्टी | 10 |
| | 02 | मनोज कुमार | भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस | |
| | 03 | संतोष कुमार | बहुजन समाज पार्टी | |
| | 04 | अमित पासवान | आजाद समाज पार्टी कांशीराम | |
| | 05 | उजारन मुसहर | जन जनवादी पार्टी | |
| | 06 | अमित कुमार | बहुजन मुक्ति पार्टी | |
| काराकाट | 01 | संजय प्रसाद | सर्वलोकहित समाज पार्टी | 16 |
| | 02 | राधेश्याम शर्मा | जनतंत्र आवाज पार्टी | |
| | 03 | उपेन्द्र शर्मा | निर्दलीय | |
| | 04 | प्रियंका प्रसाद | ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन | |
| | 05 | अजित कुमार सिंह | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | |
| | 06 | विकाश विनायक | जन जनवादी पार्टी | |
| | 07 | अवधेश पासवान | भारतीय आम अवाम पार्टी | |
| | 08 | प्रिन्स कुमार सिंह | राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्य | |
| | 09 | शशिकान्त गुप्ता | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | |
| जहानाबाद | 01 | बुलकन एस पासवान | निर्दलीय | 29 |
| | 02 | शैलेन्द्र चौधरी | निर्दलीय | |
| | 03 | विजय कुमार | निर्दलीय | |
| | 04 | बुद्धदेव साव | निर्दलीय | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 05 | नरेश कुमार | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | |
| | 06 | पियूष सिंह | शोषित समाज दल | |
| | 07 | कपिल चौहान | जन जनवादी पार्टी | |
| | 08 | अरूण कुमार | निर्दलीय | |
| | 09 | संजीत कुमार | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | |

| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम | क्र0 | अभ्यर्थी का नाम | दल सम्बद्धता | अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| अगिऑव (अ0जा0) | 01 | सोनु कुमार | निर्दलीय | 05 |
| | 02 | प्रदीप कुमार | निर्दलीय | |
| | 03 | भिखारी राम | निर्दलीय | |

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा बक्सर जिलांतर्गत भी एक (01) मामला प्रतिवेदित है। इस संदर्भ में एक (01) एफआईआर दर्ज है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में आठ (08) एफआईआर दर्ज हैं। बक्सर जिलांतर्गत निर्वाचक को प्रलोभन पहुँचाने के संदर्भ में चार (04) मामलें प्रतिवेदित हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12.05.2024 को कुल **₹0.37490**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–18327.64(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹40.33029**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹6.07500**(लाख) रूपये मूल्य के 512.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹40.62942**(लाख) रूपये मूल्य की 1981.00 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹87.40962**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।